CLASS : 12th (Sr. Secondary)

**Series : SS/Annual-Exam.-2025**

Roll No. | | | | | | | | | | |

**Code No. 2214**

**SET : B**

***MAP***

# इतिहास

# HISTORY

[ Hindi and English Medium ]

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **24** तथा प्रश्न **36** हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are **24** in number and it contains **36** questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये कोड नम्बर तथा सेट को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The **Code No.** and **Set** on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

RPXPRR

- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्त काटें।

  Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point **and do n** strike the written answer.

- परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

  *Candidates must write their Roll No. on the question paper. Except Roll No. do not write anything on question paper and don't make any mark on answers of objective type questions.*

- कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* **no claim in this regard, will be entertained after examination.**

---

*सामान्य निर्देश :*

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **36** प्रश्न हैं, जोकि पाँच खण्डों 'क', 'ख', 'ग', 'घ' तथा 'ङ' में विभक्त हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) **खण्ड - 'क'** में प्रश्न संख्या **1** से **21** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। निर्देशानुसार इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(iii) **खण्ड - 'ख'** में प्रश्न संख्या **22** से **29** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(iv) **खण्ड - 'ग'** में प्रश्न संख्या **30** से **32** तक चार उप-प्रश्नों (i-iv) के साथ स्रोत आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।

(v) **खण्ड - 'घ'** में प्रश्न संख्या **33** से **35** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **250** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) **खण्ड - 'ङ'** में प्रश्न संख्या **36** मानचित्र आधारित है, जिसके 5 अंक हैं। मानचित्र को भरकर उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।

(vii) कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प उपलब्ध हैं। ऐसे प्रश्नों में से आपको **केवल एक ही** प्रश्न करना है।

**General Instructions :**

(i) *This question-paper contains a total of* **36** *questions, which are divided into* ***five*** *Sections :* ***'A', 'B', 'C', 'D'*** *and* ***'E'. All questions are compulsory.***

(ii) **Section - 'A'** consists of Objective Type Questions from Question Nos. 1 **21**, carrying 1 mark each. Answer these questions as per directions.

(iii) **Section - 'B'** consists of Short Answer Type Questions from Question No. **22** to **29**, carrying 3 marks each. Answer to each question should not exce 80 words.

(iv) **Section - 'C'** consists of Source Based Questions from Question Nos. **30** t **32** with four sub-questions (i - iv). Each question carries 4 marks.

(v) **Section - 'D'** consists of Long Answer Type Questions from Question Nos. **33** to **35**, carrying 6 marks each. Answer to each question should not exceed **250** words.

(vi) **Section - 'E'** consist of Question No. **36** which is Map - based, carrying 5 marks. After filling the map attach it with your answer-book.

(vii) *Internal choice is available in some questions. You have to attempt* **only one** *of the given choices in such questions.*

B2C09022
RPXPRR

## खण्ड – अ

## SECTION – A

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

### (Objective Type Questions)

*निर्देश : निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए :*

**Direction** : *Choose the* **correct** *alternatives of the following multiple choice type questions :*

B2090222

**1.** सहायक संधि प्रणाली किसने तैयार की ? 1

(A) लॉर्ड वैलेजली (B) लॉर्ड डलहौजी

(C) लॉर्ड कैनिंग (D) लॉर्ड मिन्टो

Who had devised the Subsidiary Alliance System ?

(A) Lord Wellesley (B) Lord Dalhousie

(C) Lord Canning (D) Lord Minto

**2.** महात्मा गाँधी ने पहला किसान आन्दोलन कहाँ शुरू किया था ? 1

(A) बारदोली (B) वर्धा

(C) खेड़ा (D) चंपारण

Where was the first Peasant Movement launched by Mahatma Gandhi ?

(A) Bardoli (B) Wardha

(C) Kheda (D) Champaran

RPXERR

3. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में कौन-सा शब्द निहित *नहीं* है ?

(A) समाजवाद
(B) राजतंत्र
(C) धर्मनिरपेक्ष
(D) प्रजातांत्रिक

Which word is ***not*** contained in the Preamble of the Indian Constitution ?

(A) Socialist
(B) Monarchy
(C) Secular
(D) Democratic

4. द्वितीय विश्व युद्ध किस वर्ष शुरू हुआ ?

(A) 1935
(B) 1937
(C) 1939
(D) 1945

In which year was World War II started ?

(A) 1935
(B) 1937
(C) 1939
(D) 1945

5. किस यात्री ने अपने विवरण में दिल्ली को एक बड़े और घनी जनसंख्या वाले शहर के रूप में वर्णित किया है ? 1

(A) अलबेरूनी
(B) मार्को पोलो
(C) बर्नियर
(D) इब्नबतूता

Which traveller has described Delhi as a vast and large populated city in his account ?

(A) Al-Beruni (B) Marco Polo

(C) Bernier (D) Ibn-Battuta

**6.** हड़प्पा सभ्यता की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेपता थी : 1

(A) नगर योजना (B) व्यापार

(C) कला (D) पशुपालन

The most salient feature of Harappan Civilisation was :

(A) Urban Planning (B) Trade

(C) Art (D) Animal Husbandry

**7.** मौर्य वंश का संस्थापक कौन था ? 1

(A) अशोक (B) बिन्दुसार

(C) चन्द्रगुप्त (D) कुणाल

Who was the founder of the Mauryan Dynasty ?

(A) Ashoka (B) Bindusara

(C) Chandragupta (D) Kunala

8. 'महाभारत' की रचना मूल रूप से किस भाषा में लिखी गई थी ?

(A) हिन्दी में (B) संस्कृत में

(C) पालि में (D) प्राकृत में

In which language was 'Mahabharata' originally written ?

(A) Hindi (B) Sanskrit

(C) Pali (D) Prakrit

9. 'त्रिपिटक' का सम्बन्ध किस धर्म से है ?

(A) जैन (B) बौद्ध

(C) मुस्लिम (D) इनमें से कोई नहीं

To which religion is 'Tripitaka' related ?

(A) Jainism (B) Buddhism

(C) Muslim (D) None of these

10. निज़ामुद्दीन औलिया का सम्बन्ध किस सूफ़ी सिलसिले से था ?

(A) चिश्ती (B) सुहरावर्दी

(C) कादरी (D) इनमें से कोई नहीं

B2092022 RPXPRR

To which Sufi order was Nizamuddin Auliya associated ?

(A) Chishti (B) Suhrawardi

(C) Qadri (D) None of these

11. सर्वप्रथम विजयनगर की यात्रा पर आने वाला विदेशी यात्री कौन था ?

(A) अब्दुर्रज़्ज़ाक (B) निकोलो द कोन्टी

(C) डोमिंगो पेस (D) फर्नाओ नूनिज़

Who was the first foreign traveler to visit Vijayanagara ?

(A) Abdur-Razzaq (B) Nicolo de Conti

(C) Domingo Paes (D) Fernao Nuniz

12. सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी में भारत की लगभग कितने प्रतिशत आबादी शहरों में रहती थी ? 1

(A) 8% (B) 10%

(C) 15% (D) 18%

Approximately what percentage of India's population lived in the cities during sixteenth and seventeenth centuries ?

(A) 8% (B) 10%

(C) 15% (D) 18%

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में दीजिए :*

**Direction :** *Answer the following questions in* ***one word/sentence :***

**13.** पुराणों की संख्या कितनी है ?

What is the number of Puranas ?

**14.** किस हड़प्पाई नगर की खोज सबसे पहले हुई थी ?

Which Harappan City was discovered first ?

**15.** गाँधी जी दक्षिण अफ्रीका से कब वापस लौटे ?

When did Gandhiji return from South Africa ?

*निर्देश : रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों द्वारा कीजिए :*

***Direction : Fill in the blanks by appropriate words :***

**16.** हड़प्पाई स्थल राखीगढ़ी ............. राज्य में स्थित है।

Harappan site Rakhigarhi is situated in ............. State.

**17.** अशोक के अभिलेख ............. लिपियों में लिखे गए थे।

Ashoka's inscriptions were written in ............. scripts.

**18.** 'हर्षचरित' कन्नौज के शासक ............. की जीवनी है।

The 'Harshacharita' is a biography of ............. the emperor of Kannauj.

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र० सं० **19** से **21**) में दो-दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन दोनों कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) व (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए :*

**Direction :** *The following questions (Q. Nos.* ***19*** *to* ***21****) there are* ***two*** *statements in each one labelled as* ***Assertion (A)*** *and the other labelled as* ***Reason (R)****. Read both these statements carefully and choose the* ***correct*** *option as your answer from the options (A), (B), (C) and (D) given below :*

**19.** **अभिकथन (A) :** 1929 में दिसम्बर के अन्त में कांग्रेस ने अपना वार्षिक अधिवेशन लाहौर शहर में किया।

**कारण (R) :** भारत छोड़ो आन्दोलन 1942 में शुरू हुआ।

*विकल्प :* 1

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) सही नहीं है।

(D) कारण (R) सही है, परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

B2092022 B2092022 RPXPRR

**Assertion (A) :** In the end of December 1929, the Congress [illegible] Session in the Lahore city.

**Reason (R) :** The Quit India Movement began in 1942.

***Options :***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the corre[illegible] explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is not correc[illegible] explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is not correct.

(D) Reason (R) is correct, but Assertion (A) is not correct.

**20.** **अभिकथन (A) :** हड़प्पाई मुहर सम्भवतः हड़प्पा सभ्यता की सबसे विशिष्ट पुरावस्तु है।

**कारण (R) :** ये मोहरें सोने एवं चाँदी की बनी होती थीं।

***विकल्प :***

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) सही नहीं है।

(D) कारण (R) सही है, परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

B2 09 022
RPXPR

**Assertion (A) :** The Harappan seal is probably the most distinctive artifact of Harappan Civilisation.

**Reason (R) :** These seals were made up of Gold and Silver.

***Options :***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is not correct.

(D) Reason (R) is correct, but Assertion (A) is not correct.

**21. अभिकथन (A) :** अमरनायक प्रणाली विजयनगर साम्राज्य की एक प्रमुख राजनीतिक खोज थी।

**कारण (R) :** इस प्रणाली के कई तत्त्व दिल्ली सल्तनत की इक्ता प्रणाली से लिए गए थे।

*विकल्प :* 1

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) सही नहीं है।

(D) कारण (R) सही है, परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

B2209022 B2209022 RPXPRE

**Assertion (A) :** The Amaranayaka system was a major political ... Vijayanagara empire.

**Reason (R) :** Many features of this system were derived from the *Iqta* System of Delhi Sultanate.

***Options :***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is not correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is not correct.

(D) Reason (R) is correct, but Assertion (A) is not correct.

**खण्ड – ख**

**SECTION – B**

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**(Short Answer Type Questions)**

**22.** 1929 का कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन किस प्रकार से महत्त्वपूर्ण था ? 3

How was the Congress's Annual Session of 1929 significant ?

**23.** उद्देश्य प्रस्ताव में किन आदर्शों को अभिव्यक्त किया गया था ? 3

What were the ideals expressed in the Objective Resolution ?

अथवा

OR

वे कौन-सी ऐतिहासिक ताकतें थीं, जिन्होंने संविधान का स्वरूप तय किया ?

What historical forces shaped the vision of the Constitution ?

24. छठी शताब्दी ई० पू० को आरम्भिक भारतीय इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तनकारी काल क्यों माना जाता है ? 3

Why is the sixth century BCE regarded as a major turning point in early Indian history ?

अथवा

OR

ऐतिहासिक जानकारी के स्रोत के रूप में अशोक के स्तम्भों का क्या महत्त्व है ?

What is the significance of Ashoka's Pillars as a source of historical information ?

अथवा

OR

*योग्यता आधारित प्रश्न :*

***Competency Based Question :***

"इतिहासकार अभिलेखों को अपने आप में एक संपूर्ण स्रोत नहीं मानते हैं और इन साक्ष्यों के पूरक के लिए अन्य स्रोतों का उपयोग करते हैं।" इतिहासकार ऐसा क्यों और किसलिए करते हैं ?

"Historian do not consider inscriptions as a complete source in itself and often use other sources to complement the evidence." Why do historians do so ?

**25.** क्या आरम्भिक राज्यों में शासक केवल क्षत्रिय ही होते थे ? चर्चा कीजिए।

Were the rulers in the early states only Kshtraiyas ? Discuss.

अथवा

**OR**

आरम्भिक समाज में स्त्री-पुरुष के बीच विषमताएँ कितनी महत्वपूर्ण रही होंगी ?

How important were gender differences in early societies ?

**26.** बे-शरिया और बा-शरिया सूफी परम्पराओं के बीच समानता और अन्तर को स्पष्ट कीजिए। 3

What were the similarities and differences between the Be-sharia and Ba-sharia Sufi traditions ?

**27.** विजयनगर साम्राज्य की अमरनायक व्यवस्था पर एक नोट लिखिए। 3

Write a note on the Amaranayak System of Vijayanagar empire.

**28.** उन सबूतों की पड़ताल कीजिए जिनसे पता चलता है कि मुगल राजकोष के लिए भू-राजस्व अति महत्वपूर्ण था। 3

Examine the evidences that suggest that land-revenue was very important for the Mughal's fiscal system.

**29.** विद्रोही सिपाहियों ने अनेक स्थानों पर नेतृत्व सँभालने के लिए पुराने शासकों से आग्रह क्यों किया ? 3

Why did the mutinous sepoys in many places turn to the erstwhile rulers to provide leadership to the revolt ?

B2022022
B2022022
RPXPR

## खण्ड - ग

## SECTION - C

### (स्रोत आधारित प्रश्न)

### (Source Based Questions)

*निर्देश : प्रश्न संख्या* **30** *से* **32** *तक के स्रोतों को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

**Direction :** *Read the Sources of Question Nos.* **30** *to* **32** *carefully and answer the questions that below :*

**30.** *जोतदारों का उदय*

अठारहवीं शताब्दी के अन्त में जहाँ एक ओर अनेक ज़मींदार संकट की स्थिति से गुजर रहे थे, वहीं दूसरी ओर धनी किसानों के कुछ समूह गाँवों में अपनी स्थिति मजबूत करते जा रहे थे। फ्रांसिस बुकानन ने उनके बंगाल के दिनाजपुर जिले के सर्वेक्षण में हमें धनी किसानों के इस वर्ग का, जिन्हें जोतदार कहा जाता था, विशद् विवरण देखने को मिलता है। उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारम्भिक वर्षों तक आते-आते जोतदारों ने जमीन के बड़े-बड़े रकवे अर्जित कर लिए थे। स्थानीय व्यापार और साहूकार के कारोबार पर भी उनका नियंत्रण था।

*प्रश्न :*

(i) जोतदार कौन थे ? 1

(ii) दिनाजपुर में भूमि सर्वेक्षण का कार्य किसने किया ? 1

(iii) ग्रामीण बंगाल में स्थानीय व्यापार और साहूकारी के कारोबार पर किसका नियन्त्रण था ? 1

(iv) अठारहवीं शताब्दी के अन्त में कौन संकट की स्थिति से गुजर रहे थे ? 1

RPXBB29022

B209022

***The rise of Jotedars***

While many Zamindars were facing a crisis at the end of the eighteenth century, a group of rich peasants were consolidating their position in the villages. In Francis Buchanan's survey of the Dinajpur district in North Bengal we have a vivid description of this class of rich peasants known as Jotedars. By the early nineteenth century. Jotedars had acquired vast areas of land. They controlled local trade and as well as moneylending.

B209022

***Questions :***

(i) Who were Jotedars ?

(ii) Who did undertake the survey of land in Dinajpur ?

(iii) Who did control over the local trade and moneylending in rural Bengal.

(iv) Who were facing crisis at the end of the eighteenth century ?

**31.** महाराजा हुविष्क (एक कुषाण शासक) के तैंतीसवें साल में गर्म मौसम के पहले महीने के आठवें दिन त्रिपिटक जानने वाले भिक्खु बल की शिष्या त्रिपिटक जानने वाली बुद्धमिता की बहन की बेटी भिक्खुनी धनवती ने अपने माता-पिता के साथ मधुवनक में बोधिसत्व की मूर्ति स्थापित की।

*प्रश्न :*

(i) महाराजा हुविष्क का सम्बन्ध किस वंश से था ?

(ii) धनवती किस धर्म में श्रद्धा रखती थी ? 1

(iii) धनवती को कौन-से बौद्धग्रंथों का ज्ञान था ? 1

(iv) उसने ये ग्रन्थ किससे सीखे थे ? 1

RPXPPR

1

In the year 33 of the Maharaja Huvishka (a Kushana ruler), in the first month of the hot season, on the eighth day, a Bodhisattva was set up at Madhuvanaka by the Bhikkhuni Dhanavati, the sister's daughter of the Bhikkhuni Buddhamita, who knows the Tripitaka, the female pupil of the Bhikkhu Bala, who knows the Tripitaka, together with her father and mother.

***Questions :***

(i) Which dynasty did Maharaja Huvishka belong to ?

(ii) Which religion did Dhanavati believe in ?

(iii) Which Buddhist texts did Dhanavati know ?

(iv) From whom did she learn these texts ?

32. *व्यापक गरीबी*

पेलसर्ट नामक एक डच यात्री ने सत्रहवीं शताब्दी के आरम्भिक दशकों में भारतीय उपमहाद्वीप की यात्रा की थी। बर्नियर की तरह वह भी लोगों में व्यापक गरीबी को देखकर अचंभित था। राज्य को उत्तरदायी ठहराते हुए वह कहता है कि कृषकों को इतना अधिक निचोड़ा जाता है कि पेट भरने के लिए उनके पास सूखी रोटी भी मुश्किल से बचती है।

***प्रश्न :***

(i) सत्रहवीं शताब्दी के आरम्भिक वर्षों में पेलसर्ट ने किस उपमहाद्वीप की यात्रा की थी ? 1

P. T. O.

(ii) बर्नियर कौन था ?

(iii) पेलसर्ट को किस चीज ने अचंभित किया ?

(iv) पेलसर्ट ने किसानों की गरीबी के लिए किसको जिम्मेवार माना ? 1

***Widespread Poverty***

Pelsaert, a Dutch traveller visited the Indian Subcontinent during the early decades of seventeenth century. Like Bernier, he was shocked to see the widespread poverty. Holding the State responsible, he says, "So much is wrung from the peasants that even dry bread is scarcely left to fill their stomachs."

***Questions :***

(i) Which Subcontinent did Pelsaert visit during the early decades of seventeenth century ?

(ii) Who was Bernier ?

(iii) What did make Pelsaert shocked ?

(iv) Whom did Pelsaert hold responsible for peasants poverty ?

B229022
B229022
RPXPRB

## खण्ड – घ

## SECTION – D

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

### (Long Answer Type Questions)

33. विद्रोही क्या चाहते थे ? विभिन्न सामाजिक समूहों के दृष्टिकोण में कितना फर्क था ?

What did the rebels want ? To what extent did the vision of different social groups differ ?

अथवा

OR

1857 के विद्रोह के कारणों की चर्चा कीजिए।

Discuss the causes of the Revolt of 1857.

34. आधुनिक शहरों की कौन-सी विशेषताएँ हड़प्पाकालीन नगरों में पाई गई हैं ? 6

What features of modern-day cities are found in the Harappan cities ?

B2290222
RPKPPR

अथवा

OR

B209022

हड़प्पावासियों के सुदूर क्षेत्रों से सम्पर्क के उदाहरण दीजिए।

The Harappans had contact with the remote areas. Give examples.

अथवा

OR

B209022

*योग्यता आधारित प्रश्न :*

***Competency Based Question :***

'पुरातात्विक साक्ष्य दर्शाते हैं कि हड़प्पा सभ्यता का शिल्प उत्पादन जीवंत व समृद्धशाली था।' उन दो तरीकों की चर्चा करें जिनके माध्यम से हड़प्पा सभ्यता के लोग शिल्प उत्पादन व उद्यमों के लिए कच्चा माल प्राप्त करते थे। यह दिखाने के लिए पुरातात्विक एवं पाठ्य साक्ष्यों के उदाहरण दीजिए कि शिल्प उत्पादन व उद्यमों के लिए विदेशी व्यापार भी किया जाता था।

'The archaeological evidence shows that the Harappan Civilization had a flourishing vibrant craft production.' Discuss the two ways in which the people of the Harappan Civilization procured raw materials for these enterprises. Give examples of archaeological and textual evidences to show that overseas trade was also practiced in aid of these enterprises.

RPXRR

35. अलवार, नयनार और वीरशैव कौन थे ? चर्चा कीजिए कि उन्होंने किस प्रकार जाति प्रथा की आलोचना की ? 6

Who were Alwars, Nayanars and Virashaivas ? Discuss the ways in which they criticised the caste system.

अथवा

OR

उदाहरण सहित विश्लेषण कीजिए कि क्यों भक्ति और सूफी चिंतकों ने अपने विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए विभिन्न भाषाओं का प्रयोग किया ?

Analyse with illustrations, why Bhakti and Sufi thinkers adopted a variety of languages to express their opinions ?

खण्ड – ङ

**SECTION – E**

(मानचित्र कार्य)

**(Map Work)**

36. दिए गए *भारत* के राजनैतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को दर्शाइए :

Locate the following places on the given political map of ***India*** :

(i) लोथल 1

Lothal

(ii) पाटलिपुत्र 1

Pataliputra

RPXPRR

B209022

(iii) सारनाथ

Sarnath

(iv) अजमेर

Ajmer

(v) झाँसी

Jhansi

[ केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए ]

**[ For Blind Candidates Only ]**

*नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या* **36** *के स्थान पर है :*

*The following questions are only for* ***Blind Candidates*** *in lieu of Question No.* **36** *:*

B209022

(i) गुजरात में स्थित हड़प्पा सभ्यता का बन्दरगाह नगर। 1

Port city of Harappan Civilisation in Gujarat.

(ii) मौर्यों की राजधानी। 1

Capital city of Mauryans.

(iii) वह स्थान जहाँ पर गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश दिया। 1

The place where Gautam Buddha taught his first sermon.

(iv) वह स्थान जहाँ ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह स्थित है। 1

The place where the Dargah of Khwaja Moinuddin Chishti is situated.

(v) बुंदेलखण्ड में विद्रोह का प्रमुख केन्द्र। 1

Major center of rebellion in Bundelkhand.

RPKPR